Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of a Multi Speciality Hospital in Kushinagar, Uttar Pradesh.

श्री राजेश पाण्डेय (कुशीनगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की तरफ दिलाना चाहता हूं। मैं सबसे पहले माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं, उनके आशीर्वाद और निदेश से कुशीनगर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना हो रही है। इसमें योगी आदित्यनाथ जी का बहुत बड़ा योगदान है। मैं इस मायने में राजनाथ सिंह जी का भी बहुत आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उनके मुख्यमंत्रित्व काल में इसकी नींव पड़ी थी।

मैं मनोज सिन्हा जी का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने कुशीनगर को रेल लाइन से जोड़ने की स्वीकृति प्रदान की है। कुशीनगर महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली होने के कारण आने वाले समय में पर्यटकों की संख्या लगभग दस लाख से ऊपर हो जाएगी। समय आने पर प्यास लगने पर कुंआ खोदने की व्यवस्था अक्सर सरकारों में होती है, यह न होने पाए। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा खुलने और देश को रेल लाइन से जुड़ने के कारण कुशीनगर में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इस लिहाज से यहां मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बस अड्डा बनाया जाए ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

डॉ. ममताज़ संघमिता और

श्री शरद त्रिपाठी को श्री श्यामा चरण गुप्त द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।